खबर संक्षेप

अलग अलग क्षेत्रों में हुई चोरी की तीन वारदात

कटनी। कैमोर थाना क्षेत्र के ग्राम अमुवारी स्थित मां शारदा वेयरहाउस में चोरों ने पीछे की दीवार में सेंध लगाकर 42 क्विंटल 50 किलो गेहूं (85 बोरी) चुरा ले गए। चोरी गए गेहूं की कुल कीमत 1,22,526 रूपये बताई जा रही है। वेयरहाउस प्रभारी ओमप्रकाश चौकसे की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी तरह स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम छोटी कारीपाथर में निर्माणाधीन शासकीय सामुदायिक भवन को चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने देर रात भवन का ताला तोड़कर अंदर रखा 25 क्विंटल सरिया/लोहा (कीमत करीब 50,000 रूपये पार कर दिया। रिपोर्ट पर स्लीमनाबाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध कायम किया है। इसी तरह कोतवाली थाना क्षेत्र में साधूराम स्कूल के पास से खड़ी मोटरसाइकिल पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। धनीराम सेन निवासी इंद्रानागर जब सैलून से बाहर आए तो उनकी मोटर साइकिल MP 35 ME 7381 गायब थी। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर अज्ञात चोरों की पतासाजी शुरू कर दी है।

युवक का बैंक खाता हैक कर 64 हजार किये पार

कटनी। कैमोर थाना क्षेत्र में अज्ञात साइबर ठग ने एक युवक को झांसे में लेकर उसके बैंक खाते से 64,000 रूपये की चपत लगा दी। पीड़ित अंकित कुमार बर्मन 25 वर्ष निवासी नन्हवाराकला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात आरोपी ने छल-कपट और धोखाधड़ीपूर्वक उनके बैंक खाते से अनधिकृत रूप से रुपये निकाल लिए। पीड़ित को खाते से पैसे कटने का पता चलते ही उसने थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। कैमोर पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद से संबंधित बैंक खाते और ट्रांजैक्शन डिटेल्स खंगाल रही है।

ध्यान एवं योग शिविर का हुआ आयोजन

उमरियापान। सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार को उमरियापान मंडल में ध्यान एवं योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वयंसेवक विनोद साहू ने उपस्थित लोगों को विभिन्न ध्यान एवं योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। इस दौरान नियमित योग एवं ध्यान के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।शिविर के दौरान खेलकूद गतिविधियों का भी आयोजन किया। स्वयंसेवक कालूराम चौरसिया ने कहा कि योग, ध्यान एवं खेलकूद को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाई जा सकती है। इस अवसर पर स्वयंसेवक अज्जू चौरसिया, नीरज गुप्ता, तातू चौरसिया, मुकेश चौरसिया, नीरज पटेल, अंकित झारिया, प्रमोद असाटी, अखिलेश नामदेव, राकेश यादव सहित अन्य की उपस्थिति रही।

कुठला थाना में आत्मदाह के प्रयास में इलाज के दौरान प्रोढ़ की मौत का मामला

मौत के बाद बढ़ा आक्रोश, सड़क पर शव रखकर घंटों किया गया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कुठला थाना परिसर में आत्मदाह मामले में जबलपुर में इलाज के दौरान प्रौढ़ की मौत हो जाने के बाद पुलिस की निगरानी में शव को कटनी लाया गया। शव इंद्रा नगर के पन्ना मोड़ पहुंचते ही परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदर्शन शुरु कर दिया। परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर पन्ना मार्ग को जाम कर दिया। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। घंटों तक चले प्रदर्शन के दौरान गहमा गहमा बनी रही है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जांच कराये जाने का आश्वासन दिये जाने के बाद परिजनों ने प्रदर्शन बंद किया।

गौरतलब है कि शुक्रवार को कुठला थाना परिसर में इंद्रानगर निवासी दलपत पटेल द्वारा ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। घटना के बाद पुलिसकर्मियों ने आग बुझाकर दलपत पटेल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया था। हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर रेफर किया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दलपत पटेल की मौत के बाद जब उसका शव कटनी लाया गया, तो इंद्रा नगर के पन्ना मोड़ पर परिजनों और स्थानीय लोगों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन शुरु कर दिया। परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शन के दौरान शव को सड़क पर रखे जाने से मार्ग पर आवागमन भी प्रभावित हुआ। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस की मौजूदगी में स्थिति पर नजर रखी गई और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास किए गए। वहीं, मृतक के परिजनों की मांग है कि पूरे घटनाक्रम की जांच कर दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाय।

बताया जा रहा है कि पूरा मामला चोरी की एक शिकायत से जुड़ा था। शिकायतकर्ता राकेश केसरवानी की शिकायत पर पुलिस ने दलपत पटेल के बेटे मोहित पटेल को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरु की थी। पुलिस की जांच के दौरान कथित तौर पर चोरी गया मशरुका और जेवर बरामद किए जाने की बात सामने आई थी। इसी मामले में दलपत पटेल की पत्नी गुड्डी बाई को लेकर भी पुलिस पूछताछ कर रही थी। आरोप है कि चोरी का सामान सोनी नामक व्यक्ति के यहां बेचने के लिए ले जाने के मामले में गुड्डी बाई को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया था और मामले में उसे सह-आरोपी बनाया गया था। इसी पूरे मामले को लेकर दलपत पटेल भी थाने पहुंचा था। इसी दौरान थाना परिसर में उसने ज्वलनशील पदार्थ डालकर खुद को आग लगा ली थी। गंभीर रूप से झुलसे दलपत को पहले कटनी जिला अस्पताल और फिर जबलपुर रेफर किया गया था, जहां देर रात उसकी मौत हो गई।



अखंड सौभाग्य और सुख समृद्धि की कामना को लेकर महिलाओं ने रखा महालक्ष्मी व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

श्राद्ध पक्ष अष्टमी तिथि पर हाथी अष्टमी का पर्व यानि महालक्ष्मी व्रत तहसील क्षेत्र मे शनिवार को आस्था के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओ द्वारा अखंड सौभाग्य, सुख समृद्धि व अपने परिवार को धन्य धान से परिपूर्ण करने की मनोकामना पूर्ति के लिए व्रत किया गया। शनिवार को सर्वप्रथम सूर्योदय के समय स्नान आदि करके पूजा का संकल्प किया गया। संकल्प के बाद एक सफेद डोरे मे 16 गठान लगाकर उसे हल्दी से पीला किया गया और फिर उसे महिलाओ द्वारा अपनी कलाई पर बांधा गया। पूजन के वक़्त एक पटे पर रेशमी कपड़ा बिछाया गया और अष्टदल बनकर उस पर अक्षत डाले और जल से भरा कल और श्रीयंत्र, दशिणावर्ती शंख, स्थापित किया गया।वही हल्दी से कमल बनाकर उसपर हाथी पर बैठी माता लक्ष्मी की प्रतिमा विराजित की गई।महिलाओं के द्वारा उत्तर दिशा की ओर मुख करके मां लक्ष्मी के आठ रूपों की आराधना की गई।

मां लक्ष्मी को आभूषण पहनाएं। कमल के पुष्प, अक्षत, चंदन, लाल सूत, सुपारी, नारियल से मां लक्ष्मी की पूजा की गई।वही सफेद रंग की चीजों का भोग अर्पित किया गया। महालक्ष्मी व्रत की कथा पढ़ी गई और फिर गाय के शुद्ध घी के दीपक से मां लक्ष्मी की आरती की गई। इसके बाद व्रत का उद्यापन किया गया। महालक्ष्मी व्रत को लेकर घरो व मंदिरों में विविध आयोजन हुए।

सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार के तहत लगेंगे शिविर

6 स्थलों पर शिविर आज, योजनाओं एवं सेवाओं का मौके पर मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सहज, सरल एवं त्वरित रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा रविवार 4 अक्टूबर को "सेवा सेतु अभियान—सरकार आपके द्वार" के अंतर्गत शहर के 6 प्रमुख स्थानों पर मेगा सेवा सेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जनविश्वास अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान से संबद्ध इन सेवा सेतु शिविरों में विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के लिए हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए जाकर उनके पंजीयन उपरांत पात्रतानुसार लाभान्वित करने की कार्यवाही मौके पर की जाएगी।

नगर निगम आयुक्त श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर (IAS) द्वारा उपायुक्त श्रीमती प्रियंका झारिया को प्रभारी अधिकारी तथा राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर प्रत्येक शिविर हेतु पृथक - पृथक प्रभारी एवं सहायक प्रभारी नियुक्त कर शिविरों के सुचारू संचालन के निर्देश दिए है।

नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक बस स्टैंड ऑडिटोरियम स्वामी विवेकानंद सभागार, दुर्गा चौक खिरहनी, टी.सी. बजाज स्कूल, माधवनगर उप कार्यालय,नगर निगम कार्यालय तथा खेरमाई मंदिर के पास लखेरा में आयोजित किए जाएंगे। शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं के लिए अलग-अलग कार्यालयों में जाने की आवश्यकता को कम करते हुए अधिकाधिक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।

हेल्प डेस्क की व्यवस्था

शिविरों में पीएम स्वनिधि, संबल योजना, सामाजिक न्याय की पेंशन योजनाएं, जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीयन, समग्र ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY), स्वच्छ भारत मिशन (SBM), अमृत योजना, नवीन नल कनेक्शन एवं जलकर, आईएचएसडीपी, भवन अनुज्ञा, फायर एनओसी, नामांतरण एवं कर निर्धारण, ट्रेड लाइसेंस सहित अन्य योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं से संबंधित पृथक काउंटर एवं हेल्प डेस्क की व्यवस्था रहेगी। हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ आवेदन एवं पंजीयन, आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति तथा पात्रतानुसार लाभ दिलाने की कार्यवाही भी की जाएगी।

मवेशी चरा रहे चरवाहे पर बाघ ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरही वन परिक्षेत्र के मचमचा बीट में शनिवार दोपहर जंगल के किनारे मवेशी चरा रहे 50 वर्षीय ग्रामीण कोमल सिंह पर झाड़ियों में घात लगाकर बैठे बाघ ने हमला कर दिया। ग्रामीणों की बहादुरी और भारी शोर-शराबे के कारण बाघ पीड़ित को छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला, जिससे ग्रामीण की जान बच सकी।घटना शनिवार दोपहर करीब 3 बजे की है। मचमचा गांव निवासी कोमल सिंह (पिता रामकृपाल सिंह) रोज की तरह अपने मवेशियों को लेकर मचमचा बीट के पास गए थे। तभी अचानक झाड़ियों से निकलकर बाघ ने उन पर हमला कर दिया और सीधे गले व पीठ पर गहरा वार किया।

बाघ द्वारा हमला किये जाने पर कोमल सिंह की चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में मौजूद अन्य चरवाहे और ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर दौड़ पड़े। ग्रामीणों द्वारा एक साथ मचाए गए शोर और हुंकार के बाद बाघ डरकर गहरे जंगल में लौट गया।

कटनी किया रेफर

सूचना मिलते ही बरही वन विभाग की गश्ती टीम मौके पर पहुंची और लहूलुहान अवस्था में ग्रामीण को बरही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद अत्यधिक रक्तस्राव और गंभीर चोटों को देखते हुए उन्हें कटनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

1.35 करोड़ की CCL राशि के चेक वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बड़वारा में आयोजित कार्यक्रम में 45 स्व-सहायता समूहों को 1 करोड़ 35 लाख रुपये की कैश क्रेडिट लिमिट (CCL) राशि के चेक स्व सहायता समूह की महिलाओं को विधानसभा बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने वितरित किए। कार्यक्रम में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह की विशेष उपस्थिति रही। ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक एवं जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी ने बताया कि CCL राशि से समूहों को व्यवसाय एवं आजीविका गतिविधियों के विस्तार के लिए कार्यशील पूंजी उपलब्ध होगी। समूह इस राशि का उपयोग कच्चे माल की थोक खरीदी, उत्पादन बढ़ाने, पैकेजिंग एवं विपणन को मजबूत करने तथा नए आजीविका अवसर विकसित करने में कर सकेंगे। इससे उत्पादन एवं बिक्री बढ़ने के साथ समूहों की आय में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

उत्पादों के स्टॉल लगे

कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे मशरूम, मशरूम पाउडर, मशरूम अचार, मशरूम बिस्कुट, धनिया पाउडर, मसाले, घी, दाल सहित विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। स्थानीय संसाधनों और समूह की सामूहिक क्षमता से तैयार इन उत्पादों के माध्यम से महिलाएं स्वरोजगार की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही हैं।

CCL की सुविधा से समूहों की बैंकिंग एवं क्रेडिट हिस्ट्री मजबूत होगी। समय पर लेन-देन और ऋण का पुनर्भुगतान करने से भविष्य में अधिक बैंक ऋण प्राप्त करने की क्षमता भी विकसित होगी। साथ ही समूह के सदस्यों को आवश्यकता के समय आंतरिक ऋण मिलेगा।



जनप्रतिनिधियों व अधिकारियो को नहीं कोई सरोकार

स्लीमनाबाद से पिपरिया परौहा मार्ग खस्ताहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



तहसील क्षेत्र स्लीमनाबाद मे बारिश से सड़कों के परखच्चे उड़ गये ऐसे मार्गो का अब तक निर्माण एजेंसियो के द्वारा दुरुस्तीकरण नहीं कराया जा रहा है जिससे मार्गो पर आवागमन करना दुशवार हो गया है। बारिश मे सड़कों की हुई बदहाल स्थिति निर्माण एजेंसी के द्वारा कराये गये गुणवत्ताहीन कार्यों की पोल खोलकर रख दी है। स्लीमनाबाद तहसील अंतर्गत स्लीमनाबाद से ग्राम पंचायत पिपरिया परौहा तक बना मार्ग इन दिनों बदहाल हो गया है। मार्ग मैं जगह-जगह बड़े आकार के गड्ढे हो गए है जिससे आवागमन करना दुश्वार हो गया है। राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे है लेकिन निर्माण एजेंसी के द्वारा सड़क मार्ग का दुरुस्तीकरण नही कराया जा रहा है।

ग्रामीणजनो का कहना है कि उक्त 10 किलोमीटर मार्ग का कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत हुआ था।वर्तमान मे उक्त मार्ग पर जगह-जगह बड़े बड़े आकार के गड्ढे हो गए है।जिससे आवागमन करना दुश्वार हो रहा है।वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे है।बारिश होने के बाद मार्ग मै बड़े बड़े गड्ढे पानी से लबालब हो जाते है, जिससे गड्ढो की गहराई का पता नहीं चल पाता ओर वाहन चालक दुर्घटना का शिकार होते है!मार्ग के पेंचवर्क को लेकर कई बार पत्राचार किया जा चुका है।लेकिन निर्माण एजेंसी व विभागीय अधिकारियों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।जिससे आवागमन करना दुश्वार हो गया है। वही जनप्रतिनिधियों द्वारा भी कोई सार्थक कदम नहीं उठाये जा रहे है। इसी मार्ग से विद्यार्थी पढ़ाई करने दूरस्थ गाँवों से तेवरी व स्लीमनाबाद आते है। मार्ग दुरस्तीकरण न होने से विद्यार्थी को भी साईकिल से स्कूल आने के दौरान आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

इनका कहना है

इस संबंध में विधायक प्रणय पांडेय का कहना है कि उक्त मार्ग का मामला संज्ञान में आया है। आवागमन मे राहगीरों को सहूलियत हो इसके लिए मार्ग का दुरस्तीकरण हो पीएमजीएसवाई जीएम को अवगत करा दिया गया है,जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाया जायेगा।

वहीं जिला पंचायत सदस्य पं. प्रदीप त्रिपाठी का कहना था कि स्लीमनाबाद से पिपरिया परौहा मार्ग का पेंचवर्क हो या नए सिरे से सड़क मार्ग बने इसके लिए कलेक्टर से भेंटकर मांग पत्र सौपा गया है।

खबर संक्षेप



सुतरी गांव में 3 साल से बंद पड़ा ट्रांसफार्मर, चालू कराने मांग

बरही। तहसील अंतर्गत खितौली में वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पंडित संजय बिलौहाँ के समायोजन से मंडलम अध्यक्ष अशोक उपाध्याय एवं अधिवक्ता अखिलेश द्विवेदी के निर्देशन पर ग्राम सुतरी में लगभग 3 वर्ष से बंद पड़े बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर को तुरंत प्रभाव से बदलने और नदावन और आसपास के कई ग्रामों में बिजली विभाग के ट्रांसफार्मरो को सुधारने और बदलने के लिए खितौली JE को ज्ञापन सौपा गया। आगामी धान की कटाई और गेहूं की बुवाई में किसी प्रकार की समस्या ना आए और अंधेरे में रहते हुए कई ग्रामीण हरिजन आदिवासियों को सर्प या कीड़े मकोड़े काटने के कारण अत्यधिक क्षति हुई है इसे रोकने के लिए समय पर ट्रांसफार्मर बदलने या सुधारने का ज्ञापन सोपा गया इस दौरान बरही, सिनगौडी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य तेज प्रकाश सिंह प्रदीप सिंह अरविंद दुबे निरपत कुशवाहा अमन तिवारी एवं अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

महाविद्यालय बरही में पौधारोपण का आयोजन



बरही। शासकीय महाविद्यालय बरही में शनिवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त शैक्षणिक स्टाफ, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के निर्माण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में सभी ने भाग लेते हुए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया।

भौगोलिक केंद्र बिंदु करौंदी का किया भ्रमण

उमरियापान। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापत शनिवार को उमरियापान प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला और अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। उनके साथ भोपाल क्षेत्र संयोजक विश्ववर्धन भट्ट, प्रांत मंत्री उमेश मिश्रा एवं जिला अध्यक्ष लखन साहू का भी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भारत के भौगोलिक केंद्र बिंदु के रूप में पहचान रखने वाले करौंदी क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र बिंदु स्थल का अवलोकन कर वहां की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर गजराज सिंह ठाकुर, विकास बर्मन, आकाश चौरसिया, राहुल बर्मन, ब्रजेश ठाकुर, प्रदीप बर्मन, गणेश सहित बजरंग दल के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कोदो-कुटकी के उपार्जन हेतु 6 अक्टूबर से पंजीयन

कटनी। खरीफ वर्ष 2026 में कोदो-कुटकी के उपार्जन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर किसान पंजीयन की प्रक्रिया 6 अक्टूबर से शुरू होगी। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने कोदो-कुटकी की बोनी करने वाले किसानों से अपनी फसल की गिरदावरी समय पर कराने की अपील की है, ताकि वे ई-उपार्जन पोर्टल पर अपनी उपज का पंजीयन करा सकें और उपज का उचित मूल्य प्राप्त कर सकें। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने बताया कि शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2026 में ई-उपार्जन पोर्टल पर कोदो एवं कुटकी के उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत कटनी जिले का चयन कोदो-कुटकी उपार्जन के लिए किया गया है। जिले में विगत वर्षों में भी कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जाता रहा है।

कलेक्टर ने विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्र तखला-टिकरिया का किया निरीक्षण

19.52 हेक्टेयर में विकसित हो रहा नवीन औद्योगिक क्षेत्र, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

सड़क, बिजली, पानी सहित सभी जरूरी बुनियादी सुविधाओं के शीघ्र विकास के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने शनिवार को तखला-टिकरिया पहुंचकर औद्योगिक क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने सड़क, बिजली,पानी सहित सभी जरूरी बुनियादी सुविधाओं के शीघ्र विकास के निर्देश दिये।बेहतर आधारभूत सुविधाओं के साथ विकसित हो रहा यह औद्योगिक क्षेत्र आने वाले समय में जिले में निवेश, औद्योगिक इकाइयों की स्थापना और स्थानीय रोजगार के नए अवसरों का महत्वपूर्ण आधार बनेगा।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार एवं महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र श्रीमती ज्योति सिंह मौजूद रहीं।

उद्यमियों को जल्द मिलें सुविधाएं 89 भूखंड किये गये हैं तैयार

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि



औद्योगिक क्षेत्र में शेष बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि भूखंड आवंटित हो चुके उद्यमियों को जल्द से जल्द आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और वे अपनी औद्योगिक इकाइयों की स्थापना का कार्य प्रारंभ कर सकें। नवीन औद्योगिक क्षेत्र 19.52 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित किया गया है। यहां कुल 89 भूखंड तैयार किए गए हैं, जिनमें से करीब 90 प्रतिशत भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है। बड़ी संख्या में भूखंडों के आवंटन से क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की संभावनाएं मजबूत हुई हैं और आने वाले समय में यहां औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का रास्ता तैयार हुआ है।

12 करोड़ रुपये से विकसित हो रहा आधारभूत ढांचा

औद्योगिक क्षेत्र में सड़क, विद्युत सहित आवश्यक बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से कार्य किए जा रहे हैं। मजबूत आधारभूत संरचना उपलब्ध होने से आवंटित भूखंडों पर औद्योगिक इकाइयों की स्थापना और संचालन को आवश्यक सुविधाएं मिल सकेंगी।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक उद्योग ज्योति सिंह ने कलेक्टर को विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। औद्योगिक क्षेत्र में विद्युतीकरण एवं लाइट फिटिंग का कार्य तेजी से जारी है, जिसे शीघ्र पूर्ण किया जाना है। कलेक्टर श्री तिवारी ने मौके पर विकास कार्यों की स्थिति का अवलोकन करते हुए अधिकारियों से कार्यों की समय-सीमा और शेष आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर, बोले- जज्बा बनाए रखो, मंजिल जरूर मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आशा किरण बाल गृह में शनिवार का दिन बच्चों के लिए कुछ अलग था। रोजमर्रा की दिनचर्या के बीच जब कलेक्टर आशीष तिवारी बच्चों के बीच पहुंचे, तो उनके चेहरे पर उत्साह और खुशी की चमक देखते ही बनी। कलेक्टर ने बच्चों के बीच बैठकर उनसे सहजता और आत्मीयता से बातचीत की, उनकी पढ़ाई, रुचियों और भविष्य के सपनों को जाना। इस दौरान जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर एवं वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार भी मौजूद रहे।

बच्चे ने बताया अपना लक्ष्य

बच्चों से संवाद के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने नमन साहू से उसकी पढ़ाई और भविष्य के लक्ष्य के बारे में पूछा। नमन ने पूरे आत्मविश्वास से बताया कि वह पढ़ाई पूरी कर सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहता है। उसने यह भी बताया कि उसे कोडिंग में रुचि है और वह तकनीक की दुनिया को समझने के लिए लगातार प्रयास करता है। नमन की बात सुनकर कलेक्टर ने उसकी रुचि की सराहना की और उसे पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने लक्ष्य की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

बातचीत आगे बढ़ी तो पवन साहू ने अपने मन की बात साझा करते हुए बताया कि वह भविष्य में डॉक्टर बनना चाहता है। अपने सपनों को पूरे विश्वास के साथ साझा करते बच्चों को देखकर कलेक्टर ने उन्हें मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास का महत्व समझाया। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने का जज्बा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

सुविधाएं देखीं, बच्चों की जरूरतों को समझा

कलेक्टर श्री तिवारी ने बाल गृह में बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने कंप्यूटर लैब पहुंचकर बच्चों के लिए उपलब्ध संसाधनों और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद बच्चों के विश्राम कक्ष का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। साथ ही कलेक्टर ने बालगृह के सभी बच्चों को उपहार में पेन, पेंसिल, पुस्तकें एवं अन्य सामग्रियां प्रदान की।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने बच्चों की पढ़ाई के साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें सकारात्मक एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के महत्व पर जोर दिया। कलेक्टर ने यहां अमरूद का पौधा लगाया।

अपने घर एवं आसपास बेहतर साफ सफाई रखने किया प्रेरित

सीएससी केंद्रों में चलाया गया स्वच्छता एवं डिजिटल स्वच्छता का अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर "स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत" के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से स्लीमनाबाद तहसील के विभिन्न सीएससी केंद्र. अटल ई सेवा केंद्र राखी, आधार सुधार केंद्र. राखी एवं बैंक बी सी केंद्र राखी पर स्वच्छता एवं डिजिटल स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान केंद्रों एवं कार्यस्थलों की साफ-सफाई कर स्वच्छ, सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया गया। साथ ही आमजन को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छ परिवेश के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।इस अवसर पर डिजिटल स्वच्छता अभियान भी चलाया



गया। इसके अंतर्गत मोबाइल, लैपटॉप एवं अन्य डिजिटल उपकरणों से अनावश्यक फाइलों, फोटो एवं डेटा को हटाकर डिजिटल उपकरणों को व्यवस्थित एवं सुरक्षित रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।

सीएससी केंद्र संचालक विजय हल्दकार नें कहा कि आज ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में नागरिकों तक विभिन्न डिजिटल एवं सरकारी सेवाओं को पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं। सीएससी के माध्यम से नागरिकों को आधार से संबंधित सेवाएं, बैंकिंग एवं बीसी सेवाएं, बीमा, पेंशन, डिजिटल भुगतान, टेली लॉ, आयुष्मान योजना, एम पी ई - डिस्ट्रिक्ट की सेवाएं, सरकारी योजनाओं से संबंधित सेवाएं, ऑनलाइन आवेदन, प्रमाण-पत्र एवं विभिन्न डिजिटल सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वच्छता अभियान के दौरान सीएससी संचालक आनंद कुमार हल्दकार ने लोगों को यह संदेश भी दिया कि जिस प्रकार अपने घर, कार्यालय और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना आवश्यक है, उसी प्रकार अपने मोबाइल, कंप्यूटर और डिजिटल डेटा को सुरक्षित एवं व्यवस्थित रखना भी डिजिटल स्वच्छता का महत्वपूर्ण हिस्सा है।सीएससी के माध्यम से आयोजित इस अभियान का उद्देश्य केवल भौतिक स्वच्छता तक सीमित न रहकर डिजिटल स्वच्छता, डिजिटल सुरक्षा एवं डिजिटल सेवाओं के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना भी रहा।

निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा मेरा योगदान थीम के तहत शनिवार को उमरियापान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मरीजों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। शिविर में डॉ. विकास सिसोदिया, लैब टेक्नीशियन अशोक इंदौरिया एवं उमरियापान स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने करीब 36 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की। जांच के उपरांत मरीजों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने एवं चिकित्सकीय परामर्श लेने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट शैलेंद्र शुक्ला, सत्यम बड़ेरिया, उमंग कोल्हाडकर, जितेंद्र पटेल, सुभाष महोबिया, प्रकाश तिवारी, मधुलता पटेल, कंचन रजक, रामप्रसाद यादव, सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता अंकित झारिया, छात्र सुजीत बर्मन, खुशी बर्मन, उमंग चौरसिया सहित अन्य की सहभागिता रही।

3 करोड़ की शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जों के विरुद्ध कार्रवाई कर अतिक्रमण मुक्त कराने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में नगर के माधवनगर अंतर्गत ग्राम पड़रवारा में राजस्व, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए करीब 3 करोड़ रुपये की अनुमानित शासकीय कीमत वाली भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।

न्यायालय तहसीलदार तहसील कटनी नगर द्वारा पारित बेदखली आदेश के पालन में ग्राम पड़रवारा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 83, कुल रकबा 17.93 हेक्टेयर, में से 0.20 हेक्टेयर भूमि पर किए गए बेजा कब्जे को हटाया गया। कार्रवाई के बाद अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि को विधिवत शासकीय कब्जे में ले लिया गया।



बेदखली आदेश के पालन में हटाया गया कब्जा

मौके पर रामकुमार एवं जेठू लाल चक्रवर्ती, कुम्हार मोहल्ला द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए कब्जे को हटाने की कार्रवाई की गई। प्रशासन द्वारा बेदखली आदेश के अनुरूप कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि शासकीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसकी अनुमानित सरकारी कीमत करीब 3 करोड़ रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के बाद भूमि पर पुनः अतिक्रमण न हो, इसके लिए भी आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया सुनिश्चित की गई। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान तहसीलदार कटनी नगर अजीत तिवारी, नजूल तहसीलदार आकाश नीरज एवं संबंधित हल्का पटवारी सहित राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस प्रशासन तथा नगर निगम की टीम उपस्थित रही।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यक्रम का आयोजन

40 बच्चों को वितरित की निःशुल्क ड्रेस प्लास्टिक मुक्त परिसर का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत कौड़ियां स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-01 में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के 40 बच्चों को जनभागीदारी एवं समाजसेवियों के सहयोग से निःशुल्क ड्रेस वितरित की गई। जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल ने सेवा मेरा योगदान अभियान की महत्ता बताते हुए विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति से जनभागीदारी के माध्यम से सामाजिक कार्यों में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया। सहायक परियोजना अधिकारी सतीश पटेल ने बच्चों के साथ गीतों के माध्यम से उनका उत्साहवर्धन किया तथा



महात्मा गांधी के विचारों एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी दी।

परिषद के परामर्शदाता राम सिंह पटेल एवं उमा अवस्थी ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक घटनाओं एवं विचारों को साझा करते हुए उपस्थित लोगों को सेवा, सादगी, स्वच्छता और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। कपिल तिवारी एवं राजेश दुबे ने जन अभियान परिषद के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में अतिथियों, जन अभियान परिषद के प्रतिनिधियों, नवांकुर संस्थाओं, परामर्शदाताओं, प्रस्फुटन समितियों, समाजसेवियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के सहयोग से 40 बच्चों को निःशुल्क ड्रेस वितरित की गई। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक बसंत जायसवाल को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही आंगनबाड़ी परिसर में पौधारोपण किया गया और परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम से पूर्व कौड़ियां बाजार में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने किया तथा सुरेंद्र चक्रवर्ती ने आभार व्यक्त किया। आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं सहित परिषद के सदस्यों की उपस्थिति रही।

ऐतिहासिक किले में किया श्रमदान, जगाई स्वच्छता की अलख

ऐतिहासिक किले में स्वच्छता के साथ विरासत संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कटनी जिले के विजयराघवगढ़ क्षेत्र में सेवा से संकल्प अभियान के तहत वड़नगर से वाराणसी तक यात्रा कर रहे सेवा यात्रियों के स्वागत कार्यक्रमों एवं युवा शक्ति संवाद के किया। सांसद श्री शर्मा ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि देश की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा शक्ति है। विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें, शिक्षा और कौशल को अपनी ताकत बनाएं तथा नवाचार और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें।

उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि व्यक्तिगत सफलता के



साथ समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व को भी समझें। सेवा भाव को जीवन का हिस्सा बनाकर युवा देश के विकास में प्रभावी योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमांग जोशी, विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

सेवा से संकल्प अभियान के तहत वड़नगर से वाराणसी की ओर बढ़ रहे सेवा यात्रियों का कैमोर, राखी पुरैनी गौरहा, जिजनौडी, देवराकला, भैंसवाही और कन्हवारा में नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर यात्रा के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

विजयराघवगढ़ पहुंचने पर सेवा यात्रियों ने क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर विजयराघवगढ़ किले का अवलोकन किया। ऐतिहासिक विरासत को करीब से जानने के साथ सेवा यात्रियों ने किले परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया।सेवा यात्रियों ने स्वयं झाड़ लगाकर यह संदेश दिया कि ऐतिहासिक धरोहरें केवल इतिहास की पहचान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की अमानत हैं। इनका संरक्षण और स्वच्छता प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। श्रमदान के माध्यम से नागरिकों को सार्वजनिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को स्वच्छ रखने और स्वच्छता को जन-अभियान बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कैमोर में आयोजित युवा संवाद विशेष प्रेरणादायी रहा। युवाओं के साथ संवाद कर उन्हें जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने, अपनी क्षमता पहचानने और निरंतर सीखते हुए आगे बढ़ने प्रेरित किया।

शासकीय महाविद्यालय सिलौंड़ी में स्वास्थ्य शिविर में 70 छात्र छात्राओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

शासन के निर्देश पर 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दिनांक 01 अक्टुबर 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत प्रभारी, प्राचार्य रतिराम अहिरवार की अध्यक्षता में '"एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ सिविरर का आयोजन महाविद्यालय परिसर में सुबह 10 बजे से 4 बजे तक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य रतिराम अहिरवार एवं सेवा संकल्प अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. सुनील कुमार गौतम, एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ सिविर संयोजक डॉ. अंकुर ओमर, डॉ. विकास सिसोदिया मेडिकल ऑफिसर (सिविर प्रभारी) एवं स्वास्थ प्ररीक्षण टीम द्वारा दीप



प्रज्वलन मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा में पुष्प माल्यार्पण कर किया गया।

इस स्वास्थ प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय स्वयं सेवा के स्वयं सेवक समस्त स्टॉफ एवं अधिक से अधिक छात्र/छात्राओं ने सहभागिता की। डॉ. विकास सिसोदिया मेडिकल ऑफिसर (सिविर प्रभारी) द्वारा जागरूकता पोषण, एनीमिया विषय पर व्याख्यान के माध्याम से छात्र / छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारिया प्रदान की गई। उक्त स्वास्थ सिविर में लगभग 70 छात्र-छात्राओं ने एवं समस्त स्टाफ ने स्वास्थ प्ररीक्षण कराया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में पारस साहू सीएचओ, संदीप सांडिया फार्मा, सुश्री अंजली पिल्ले नर्सिग ऑफिसर, श्रीमती गुलाबकली कोल आरबीएसके एएनएम, एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ, चंदन यादव डॉ. संदीप कपूर, डॉ. हेमन्त कुमार चौरसिया,, पंकज मिश्रा, डॉ. अजय कछवाहा, डॉ. ममिता पटले, रमन श्रीवास, रोहणी प्रसाद राय, कंचन डुमार का सहयोग रहा ।

खबर संक्षेप

भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष का आगमन आज

दमोह। भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन पूजा दीदी एवं सिद्धाश्रम चेतना आरुणि दीदी व भगवती मानव कल्याण संगठन के केंद्रीय महासचिव सिद्धाश्रम रत्न अजय अवस्थी का शुभ आगमन दमोह जिले के हटा तहसील मैं श्री पीतांबरा पीठ देव श्री गौरी शंकर मंदिर परिसर में विश्व कल्याण विश्व शांति आत्म कल्याण एवं समाज कल्याण के हितार्थ 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ 4 अक्टूबर 2026 को दोपहर 12:30 बजे समापन होगा। जिसमें भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष सिद्धाश्रम रत्न वहन पूजा दीदी के द्वारा समस्त जाति धर्म संप्रदाय के लोगों के लिए संबोधित करेंगी।

फार्मर आईडी को लेकर पटवारी और सरपंच पक्ष में विवाद, मारपीट के आरोप; थाने में हुआ राजीनामा

छतरपुर। ओरछा रोड थाना क्षेत्र के देवपुर तिगैला में शनिवार दोपहर फार्मर आईडी बनाने को लेकर पटवारी और ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान धामची पटवारी अंकित तिवारी के साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया। घटना की सूचना मिलने पर पटवारी संघ के पदाधिकारी और अन्य पटवारी ओरछा रोड थाने पहुंचे। बताया गया कि फार्मर आईडी नहीं बनाए जाने को लेकर पटवारी अंकित तिवारी और धामची सरपंच पति अनिल यादव पक्ष के बीच विवाद हुआ था। मामला बढ़ने पर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट के आरोप सामने आए। इसके बाद पटवारी संघ की ओर से थाने में शिकायत की बात कही गई, जबकि सरपंच भी अपने ग्रामीण समर्थकों के साथ थाने पहुंचे।मामले की जानकारी मिलने पर सौरा सर्कल के नायब तहसीलदार रामराजा गुप्ता भी ओरछा रोड थाने पहुंचे। पटवारी संघ के अध्यक्ष अरविन्द्र पटेल ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही संघ के पदाधिकारी और पटवारी थाने पहुंचे थे। वहीं थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि पटवारी पक्ष ने सरपंच पति अनिल यादव पर मारपीट के आरोप लगाए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों से घटना की जानकारी ली। थाना प्रभारी के अनुसार, पुलिस ने पटवारी से शिकायत करने के लिए कहा था, लेकिन दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद समाप्त करने का निर्णय लिया और राजीनामा आवेदन प्रस्तुत किया।

12 अक्टूबर को हटा में रात्रि विश्राम, सामूहिक हनुमान चालीसा एवं संकट नाशन हवन का आयोजन

'सनातन हिंदू एकता रथयात्रा' की पाती हटा पहुंची, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



बागेश्वर धाम सरकार के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाली 'सनातन हिंदू एकता रथयात्रा' की पाती हटा पहुंच गई है। यात्रा के हटा आगमन को लेकर बागेश्वर धाम शिष्य मंडल एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। यात्रा का हटा में 12 अक्टूबर 2026 को रात्रि विश्राम प्रस्तावित है। पाती के अनुसार रथयात्रा का शुभारंभ 11 अक्टूबर को श्री बागेश्वर धाम से होगा। यात्रा अजयगढ़, पन्ना, पवई होते हुए 12 अक्टूबर को हटा पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम रहेगा। इसके बाद 13 अक्टूबर को हटा से दमोह होते हुए सागर, 14 अक्टूबर को सागर-शाहगढ़ होते हुए टीकमगढ़ तथा 15 अक्टूबर को टीकमगढ़ से जतारा होते हुए यात्रा आगे बढ़ेगी और पुनः बागेश्वर धाम पहुंचकर संपन्न होगी।

सामाजिक समरसता का दिया जाएगा संदेश-

रथयात्रा का उद्देश्य जात-पात एवं भेदभाव समाप्त कर सामाजिक समरसता और हिंदू एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना बताया गया है। यात्रा के सात संकल्पों में समाज को नशामुक्त बनाना, छुआछूत एवं भेदभाव का उन्मूलन, सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार, मंदिरों का जीर्णोद्धार, गांव-गांव में बागेश्वर धाम मंडल का गठन तथा भव्य एवं वैभवशाली भारत के निर्माण का संकल्प शामिल है। हटा पड़ाव के दौरान एक दिवसीय श्री हनुमान चालीसा एवं 'सामूहिक संकट नाशन हवन' का आयोजन भी प्रस्तावित है। इसे लेकर शिष्य मंडल द्वारा श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं से संपर्क कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यात्रा की पाती में "जात-पात और भेद-भाव को जड़ से हमें मिटाना है" तथा "हमें भारत दिव्य बनाना है, हमें भारत भव्य बनाना है" का संदेश दिया गया है।

सेवा सेतु अभियान–सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम आयोजित



जबेरा। जनपद सभागार भवन जबेरा में "सेवा सेतु अभियान–सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी शामिल हुए। इस दौरान शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी गई तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित कर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक "सेवा संकल्प अभियान" के अंतर्गत विभिन्न जनसेवा एवं जनकल्याणकारी कार्य आयोजित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में स्थापित करने के संकल्प की दिशा में शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां आमजन को योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनकी समस्याओं और आवेदनों का निराकरण भी किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, जनपद सीईओ रामेश्वर पटेल, तहसीलदार आशुतोष तिवारी, नायब तहसीलदार अटल वर्मा, परियोजना अधिकारी रिंकल घनघोरिया, बीएमओ डॉ. राहुल जैन, आजीविका कार्यालय सहायक प्रबंधक अजय शुक्ला, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नरेंद्र सिंह, बीईओ विनोद बाजपेई, बीआरसी परमेंद्र वेध सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

गज पर विराजी मां लक्ष्मी, महिलाओं ने किया महालक्ष्मी व्रत का पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

भाद्रपद शुक्ल अष्टमी से प्रारंभ हुए 16 दिवसीय महालक्ष्मी व्रत का शनिवार, 3 अक्टूबर को विधि-विधान के साथ समापन हुआ। तेंदूखेड़ा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने गज यानी हाथी पर विराजमान मां महालक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, धन-धान्य और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर महिलाओं ने घरों में मिट्टी के हाथी बनाकर अथवा स्थापित कर उन पर विराजमान मां लक्ष्मी का पूजन किया। माता को पुष्प, अक्षत, रोली, दीप, नैवेद्य सहित विभिन्न पकवान अर्पित किए गए। इस वर्ष महालक्ष्मी व्रत की शुरुआत 19 सितंबर, शनिवार को भाद्रपद शुक्ल अष्टमी से हुई थी। 16 दिनों तक चले व्रत का समापन 3 अक्टूबर, शनिवार को आश्विन कृष्ण अष्टमी के दिन हुआ। अंतिम दिन महिलाओं ने गज पर विराजमान मां लक्ष्मी की विशेष पूजा की तथा चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत का उद्यापन किया।

16 गांठों के डोरे की परंपरा

व्रत के प्रथम दिन महिलाओं द्वारा 16 सूत के धागों से डोरा तैयार कर उसमें 16 गांठें लगाई गई थीं। डोरे को हल्दी से पीला कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद कलाई पर बांधा गया। मान्यता के अनुसार 16 दिनों तक श्रद्धा और नियमपूर्वक मां महालक्ष्मी की आराधना की जाती है। अंतिम दिन पूजन के बाद व्रत का समापन किया गया।

मिट्टी के हाथियों और पकवानों से सजा पूजन

महालक्ष्मी व्रत के अंतिम दिन महिलाओं ने मिट्टी के हाथियों को आकर्षक रूप से सजाकर उन पर मां लक्ष्मी की स्थापना की। घरों में विभिन्न प्रकार के पकवान और प्रसाद तैयार कर माता को अर्पित किए गए। नगर एवं क्षेत्र में महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से भी पूजन-अर्चन किया गया। पूजा के दौरान परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और निरंतर खुशहाली की प्रार्थना की गई।

ऐरावत हाथी से जुड़ी है मान्यता

महालक्ष्मी व्रत को गज लक्ष्मी व्रत के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं में मां लक्ष्मी और ऐरावत हाथी से जुड़ा प्रसंग मिलता है। महाभारत काल से जुड़ी मान्यताओं में कुंती और गांधारी द्वारा महालक्ष्मी व्रत किए जाने का उल्लेख मिलता है। इसी परंपरा के चलते व्रत के अंतिम दिन गज पर विराजमान मां लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ पूजन कर व्रत का समापन किया।

नशा मुक्ति के संदेश के साथ निकली बाइक यात्रा



तेंदूखेड़ा। भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा तेंदूखेड़ा के तत्वावधान में सेक्टर सेलवाड़ा में नशा मुक्ति जनजागरूकता बाइक यात्रा निकाली गई। यात्रा का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और नशामुक्त समाज के लिए प्रेरित करना रहा। बाइक यात्रा का शुभारंभ ग्राम सहजपुर से हुआ। इसके बाद यात्रा सताइस मील, रोसरा, मझगुआ, सलैया माल, बंधना, सेलवाड़ा, हिनौती, महंगुआ कला और रिचकुड़ी होते हुए दोनी पहुंची, जहां यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने तथा युवाओं को स्वस्थ और सकारात्मक जीवन अपनाने का संदेश दिया। यात्रा के समापन के बाद सिद्ध क्षेत्र हनुमान जी मंदिर परिसर में आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक सरोज ठाकुर भी उपस्थित रहीं। उन्होंने संगठन द्वारा नशा मुक्ति और सामाजिक जागरूकता के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष डॉ. सुजान सिंह, जिला उपाध्यक्ष धीरज सिंह, जिला महासचिव फूल सिंह, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामसिंह, संगठन ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सिंह, पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रप्रताप सिंह तेकाम, युवा मोर्चा अध्यक्ष विनोद सिंह, किसान मोर्चा से जगदीश यादव, महिला मोर्चा संगठन अध्यक्ष रश्मि ठाकुर सहित संगठन के विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, सेक्टर प्रभारी, टीम प्रमुख एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हिनोता कला में विकासखंड स्तरीय शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

हटा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत हिनोता कला में सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा सेतु अभियान - सरकार आपके द्वार' विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, हटा विधायक उमा देवी खटीक, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम पटेल सहित गोपाल पटेल, कमलेश चौधरी एवं प्रदीप गुप्ता उपस्थित रहे। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने स्टॉलों का अवलोकन कर विभागीय योजनाओं की जानकारी ली।

इस दौरान मंच से पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ एवं प्रमाण-पत्रों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में हटा एसडीएम राकेश मरकाम, जनपद पंचायत सीईओ संजीव गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया गया।

व्रत रखकर महालक्ष्मी का किया पूजन



हटा। नगर व क्षेत्र में शनिवार को महिलाओं ने महालक्ष्मी व्रत रखकर मिट्टी के हाथी पर सवार महालक्ष्मी जी का पूजन कर पति और संतान की लंबी उम्र के साथ परिवार की सुख-समृद्धि की कामना से शाम को महिलाओं ने मिट्टी के हाथी पर सवार महालक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा की। महिलाओं ने पूजा के लिए घरों में चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर कलश स्थापित कर हल्दी से कमल बनाकर मिट्टी के हाथी को सजाया गया। महिलाओं ने महालक्ष्मी को गुजिया, खुरमी, बतियां, मिठाई, फल और कई पकवानों का भोग लगाकर 16 गांठों वाले पवित्र डोरे (सूत्र) की पूजा कर इसे माता को अर्पित किया गया और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए महालक्ष्मी की कथा सुनी और अपना उपवास खोला। पंडित लखन पन्या ने बताया कि इस व्रत को 'जीवित पुत्र' के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इससे घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

मुख्यमंत्री जनसेवा एवं सेवा सेतु शिविर का आयोजन, हितलाभ वितरित

राज्य शासन द्वारा नागरिकों को पारदर्शी, संवेदनशील, उत्तरदायी एवं समयबद्ध लोक सेवाएँ सीधे उनके गाँव एवं वार्ड स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेशव्यापी 'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत शनिवार को विकासखंड दमोह के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित शिविर में सांसद राहुल सिंह लोधी, विधायक जयंत मलैया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर, कलेक्टर प्रताप नारायण यादव सहित जनप्रतिनिधियो की मौजूदगी में शिविरों का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया। इस अवसर पर



हितग्राहियो को हितलाभ भी प्रदान किए गये।यह अभियान प्रदेश में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित 'सेवा संकल्प अभियान' का महत्वपूर्ण घटक है। अभियान के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों को मौके पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। प्रदेश सरकार की मंशा स्पष्ट है कि एक ही मंच पर सभी विभाग एक साथ बैठकर हितग्राहियों की समस्याओं, शिकायतों और आवेदनों का निराकरण करें, ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ से वंचित न रहना पड़े। इस आशय के विचार सांसद राहुल सिंह लोधी ने मुख्यमंत्री जन सेवा/जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में हितग्राहियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। सांसद श्री लोधी ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में पूरे प्रदेश में यह अभिनव पहल और नवाचार चल रहा है। उन्होंने कहा वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य तभी पूरा हो सकेगा, जब अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए समाज का अंतिम व्यक्ति सशक्त होकर मुख्यधारा से जुड़ेगा और कदम से कदम मिलाकर चलेगा। कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री लोधी ने बालिकाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा वंचित वर्ग की बच्चियों को हुनरमंद बनाने के लिए सिलाई एवं कौशल प्रशिक्षण दिया गया है और उन्हें सिलाई मशीनें प्रदान की जा रही हैं, जिससे वे सम्मानजनक रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें। विधायक जयंत मलैया ने कहा राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण और विकास के लिए पूरी निष्ठा से लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने विशेष रूप से कृषि और सिंचाई के क्षेत्र में हुए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने सिंचाई सुविधाओं के विस्तार में उल्लेखनीय कार्य किया है, जिससे जिले में सिंचाई का रकबा पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गया है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और पैदावार में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गाँव-गाँव और हर पात्र व्यक्ति तक पारदर्शी ढंग से पहुँचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस शिविर में संबल योजना के तहत 09 हितग्राहियो को 2-2 लाख की सहायता राशि स्वीकृति पत्र वितरित किए गये। शिविर में 05 हितग्राहियो को फौती नामांतरण और रिकार्ड सुधार के आदेश दिए गये। इस दौरान 10 हितग्राहियो को आयुष्मान कार्ड प्रतीक स्वरूप वितरित किए गये। इस अवसर पर पन्नी बीनने जैसे कार्यों में लगी युवतियो और महिलाओ को प्रशिक्षण के उपरांत आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में 50 सिलाई मशीने वितरित की गई। इस अवसर पर जलपरी मछुआ समूह नोहटा के अध्यक्ष घनश्याम रैकवार को तालाब का पट्टा 10 वर्ष के लिए दिया गया। शिविर में आये हितग्राहियो और अन्य ग्रामीणजनो को स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य परामर्श के साथ दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर दमोह सांसद राहुल सिंह, दमोह विधायक जयंत मलैया, जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटैल, जनपद अध्यक्ष प्रीति राजू ठाकुर, राघवेंद्र परिहार, रामेश्वर चौधरी महेश पटेल, अमित बजाज, मनीष तिवारी, भरत यादव, देवकीनंदन पटेल, अमित राय, मोंटी रैकवार सृजन असाटी, दीपक परिहार, बृजेश सिंह, रमाकांत बाजपेई, सुरेंद्र सिंह तोमर, इंजीनियर अमर सिंह राजपूत, रितेश सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी सम्मानीय मीडियाजन और ग्रामीणजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पंडित विपिन चौबे ने और आभार प्रदर्शन सीईओ जनपद पंचायत हलधर मिश्रा ने व्यक्त किया।

आंगन मिलन में पोषण-स्वास्थ्य पर हुआ सीधा संवाद, दिखी आकर्षक प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार



महिला एवं बाल विकास परियोजना जबेरा के अंतर्गत आने वाले सेक्टर रोड के आंगनवाड़ी केंद्र 'लखनी-1' में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष पहल का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय मातृशक्ति को एक मंच पर लाकर स्वास्थ्य, पोषण और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे जन-जन तक पहुँचाना रहा।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं, धात्री माताओं और गर्भवती महिलाओं को सही पोषण चक्र, स्वच्छता के महत्व और विभाग द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राही योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने समय पर उचित आहार और देखभाल से कुपोषण को दूर करने के तरीके साझा किए।

आकर्षण का केंद्र बनी 'पोषण प्रदर्शनी'

कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा एक आकर्षक पोषण प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें स्थानीय खाद्य पदार्थों, पौष्टिक व्यंजनों और संतुलित आहार के मॉडलों को प्रदर्शित किया गया, जो उपस्थित महिलाओं के लिए सीखने का मुख्य केंद्र रही इस प्रेरणादायी कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रतिभा राय, मीना राय, सहायिका रामकली, आरती यादव के साथ अंतरा फाउंडेशन से शिफा खान, कुसुम राय, मालती, विद्यारानी, नीतू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र की मातृशक्ति और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

स्वस्थ जीवनशैली का लिया संकल्प

दमोह। स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की और स्वच्छता की शपथ ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय ने कहा कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अपने घर, कार्यस्थल और आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को निरंतर प्रयास करना चाहिए। स्वच्छता के लिए किया गया हर छोटा प्रयास स्वस्थ समाज की दिशा में बड़ा कदम है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने कहा कि स्वच्छता का सीधा संबंध स्वास्थ्य से है। स्वच्छ परिवेश के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाना भी जरूरी है। उन्होंने पान, बीड़ी, गुटखा एवं तंबाकू जैसी हानिकारक आदतों का त्याग करने तथा नशीले पदार्थों के सेवन से बचने एवं सकारात्मक आदतों को अपनाना भी स्वच्छता का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

संत जी के जन्मोत्सव पर मुक्तिधाम में समाधि पर भक्तों ने किया सुंदरकांड पाठ



हटा। देवश्री गौरीशंकर मुक्तिधाम परिसर में हटा नगर के विख्यात संत जी महाराज के जन्मोत्सव पर उनके भक्तों ने समाधि स्थल पर भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ भजन कीर्तन कर मनाया। जहां बुंदेली लोक गायक आशीष पटेरिया पार्टी एवं स्थानीय भजन मंडली द्वारा मधुर स्वर में प्रस्तुत संगीतमय सुंदरकांड पाठ से पूरा मुक्तिधाम परिसर जय श्रीराम हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम की आरती से किया गया जिसमें बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक, धर्मप्रेमी भक्त एवं क्षेत्रवासियों ने सम्मिलित होकर भक्तिमय वातावरण में पाठ का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस दौरान मुक्तिधाम में भक्तों ने बताया कि यह आयोजन पहली बार किया गया है, जिसे अत्यंत भव्य और सफल बनाने में सभी भक्तों का सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाएगा, जिससे धर्म और संस्कृति की यह परंपरा आगे बढ़ती रहे। कार्यक्रम के आयोजक सुशील जोशी, किशोरी नामदेव, बुद्धू जैन, गुड्डा ताम्रकार, सूरज जैन, मनोज सेन, राजेश सोनी, मोहन रैकवार एवं समस्त भक्तगणों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। पाठ के समापन पर केला, सेव, राजगीर का लड्डू, चना और नारियल का प्रसाद वितरण किया गया। भक्तों ने कहां कि ऐसा आयोजन पहली बार देखने को मिला जिससे मन को शांति और भक्ति का अनुभव हुआ। यह आयोजन क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है।

गांधी एवं शास्त्री जयंती पर प्रकृति संरक्षण का संदेश



बटियागढ़। तहसील की ग्राम पंचायत शहजादपुरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सामाजिक संस्था 'लक्ष्य दमोह' द्वारा ग्राम पंचायत शहजादपुर और स्थानीय गौशाला परिसर में विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए परिसर में अशोक के 5 पौधे रोपे गए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान 'लक्ष्य दमोह' के जिला मीडिया प्रभारी साहब सिंह, भगवान सिंह और पीएलवी रूपेंद्र सिंह, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधों को रोपा तथा ग्रामीणों को पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने के प्रति जागरूक किया। पीएलव्ही रूपेन्द्र सिंह ने कहा कि गांधीजी और शास्त्री जी के आदर्शों पर चलते हुए प्रकृति की सेवा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। और प्रयास है कि आने वाले समय में तहसील के प्रत्येक कार्यालय ,मंदिरों,मुक्तिधामों,में टीम द्वारा रोपित पौधे सीतल छाँव दे।

खबर संक्षेप

3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक ई-उपार्जन पोर्टल पर होंगे पंजीयन

दमोह। जिला उपार्जन समिति एवं योजना क्रियान्वयन समिति की बैठक दिनांक 3 अक्टूबर 2026 को लिए गए निर्णय अनुसार कलेक्टर श्री प्रताप नारायण यादव द्वारा सोयाबीन भावांतर योजना अंतर्गत जिले में निशुल्क पंजीयन हेतु 23 पंजीयन केंद्र निर्धारण किए जाने हेतु आदेश जारी किया गया है। किसान बंधु 03 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित पंजीयन केंद्रो में निशुल्क पंजीयन करा सकेंगे।

मुक्तिधाम में सफाई कर किया वृक्षारोपण

पटेरा। पटेरा नगर परिषद द्वारा गांधी जयंती पर हटा रोड मुक्तिधाम में विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारी कर्मचारी के साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। स्वच्छता अभियान चला कर वृक्षारोपण भी किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। उपयंत्री नितिन शेंडेय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार माना। परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहिरवार जिला योजना समिति सदस्य पुष्पेंद्र सोनी सहित परिषद के पार्षदों ने शामिल होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का स्मरण कर उनके स्वच्छता के संदेश को प्रसारित किया। पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि शंकर तंतुवाय सहित अन्य जन भी शामिल रहे।

आक्रोश के बाद शाम को अवैध कब्जों पर बुलडोजर कार्रवाई, कई मकान धराशाई किये

गर्भवती गाय की हत्या से भड़का आक्रोश प्रदर्शन-चक्काजाम के बाद रहा बाजार बंद





हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

नगर के कसाई मंडी, नूरी नगर एवं सीता बावरी क्षेत्र में गोवंश के अवशेष मिलने के बाद शनिवार को आक्रोश फैल गया। पितृपक्ष के दौरान गर्भवती गाय की हत्या किए जाने की सूचना के बाद गौसेवकों और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और पूर्व में चिन्हित ठिकानों पर कार्रवाई की मांग की।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी एवं बल मौके पर पहुंचा और गोवंश के अवशेष बरामद कर जांच शुरू की। इस दौरान मौके से एक गाय को भी सुरक्षित बचाकर लाया गया। दोपहर में प्रदर्शन ने जोर पकड़ा और प्रदर्शनकारी घंटाघर पहुंच गए, जहां चक्काजाम



की स्थिति बन गई। इसके बाद बाजार बंद हो गए। व्यापारी महासंघ द्वारा भी बंद का समर्थन किया गया। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

गौ रक्षा समिति से जुड़े विक्रांत गुप्ता, नित्या प्यासी, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष अंजू खत्री, बजरंग दल के पदाधिकारियों तथा निस्वार्थ गौ सेवा समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में युवा प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई तथा पूर्व में चिन्हित ठिकानों पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग को लेकर कसाई मंडी की ओर पैदल मार्च किया।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग की। पुराने थाना परिसर के पास प्रदर्शनकारियों को रोका गया। सीएसपी एचआर पांडे ने प्रदर्शनकारियों से लगातार संवाद करते हुए कार्रवाई का भरोसा दिलाया। बाद में कलेक्टर प्रताप नारायण यादव भी पुराने थाना पहुंचे और प्रदर्शनकारियों की बात सुनी। उन्होंने मामले में सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए।

एक आरोपी गिरफ्तार, तीन संदिग्ध चिन्हित

सीएसपी एचआर पांडे के अनुसार पुलिस ने मुखबिर तंत्र के आधार पर तीन संदिग्धों की पहचान की है, जबकि एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। घटना में इस्तेमाल बताए जा रहे नीले रंग के ऑटो के संबंध में भी पुलिस को जानकारी मिली है। अन्य आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीमों को रवाना किया गया है।

सूचना मिलने पर टीआई मनीष कुमार एवं बजरिया चौकी प्रभारी राकेश पाठक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अवशेष बरामद कर मामले की जांच शुरू की। शनिवार शाम सागर डीआईजी शशिंद्र सिंह चौहान ने भी कसाई मंडी क्षेत्र का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

शाम को अवैध कब्जों पर बुलडोजर कार्रवाई

प्रशासन की कार्रवाई के तहत शनिवार शाम बड़ी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में नगरपालिका प्रशासन द्वारा पूर्व से चिन्हित आरोपियों के अवैध कब्जों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में पुलिस बल तैनात रहा।

पुलिस द्वारा मामले में गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ तथा अन्य संदिग्धों की तलाश की जा रही है। घटना से जुड़े तथ्यों और आरोपों की जांच के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

18 वर्षीय अमन जैन ने ग्रहण किया आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत

मुनि सुधासागर महाराज के सान्निध्य में लिया संयम एवं आत्मकल्याण का संकल्प, निकली बिनौली यात्रा



झलौन। नगर के जैन समाज के लिए शुक्रवार का दिन आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष रहा। झलौन निवासी 18 वर्षीय अमन जैन ने मुनि सुधासागर महाराज के सान्निध्य में आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत ग्रहण कर संयम, साधना एवं आत्मकल्याण की दिशा में अपना जीवन समर्पित करने का संकल्प लिया। अमन जैन, मुकेश जैन कैमौरी वाले एवं माता माधुरी जैन के सुपुत्र हैं। उन्होंने सांगानेर स्थित जैन गुरुकुल एवं छात्रावास में रहकर करीब दो वर्षों तक अध्ययन किया। बचपन से ही धार्मिक संस्कारों से जुड़े अमन ने अब जिनधर्म, संयम एवं साधना के मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया है। अमन के इस निर्णय पर सकल दिगंबर जैन समाज झलौन की ओर से हर्ष एवं अनुमोदना व्यक्त की गई। समाजजनों ने कहा कि आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत का संकल्प त्याग, संयम और आध्यात्मिक साधना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। समाजजनों ने अमन जैन के संयममय एवं आध्यात्मिक जीवन के लिए मंगलकामनाएं प्रेषित कीं। अमन जैन के ब्रह्मचर्य व्रत एवं वैराग्य के संकल्प के उपलक्ष्य में शुक्रवार दोपहर 2 बजे झलौन में बिनौली यात्रा निकाली गई। यात्रा में समाज के लोगों ने शामिल होकर उनके संकल्प का अनुमोदन किया।

सेवा सेतु अभियान के तहत नगर में शिविर आज

पटेरा। नागरिकों को पारदर्शी संवेदनशील उत्तरदायी एवं समयबद्ध लोकसेवाएं सीधे वार्ड स्तर पर उपलब्ध कराने शासन की मंशानुसार पटेरा नगर में आज रविवार 4 अक्टूबर को सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक नगर परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है। सीएमओ प्रेमसींग चौहान ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि समस्त विभागों के अधिकारी प्राप्त आवेदन पत्रों का मौके पर ही निराकरण करेंगे। हितग्राहियों को हित लाभ भी वितरित किया जाएगा। शिविर में नगरवासियों से पहुंच कर अपनी समस्याओं के निराकरण कराने का अनुरोध सीएमओ, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षदों ने किया है।

तर्पण के बीच घटता नदी का जलस्तर चिंता का विषय

तेंदूखेड़ा। पितृपक्ष के अष्टमी तिथि पर शनिवार को नगर की गौरैया नदी के घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और विधि-विधान से अपने पुरखों का तर्पण किया। श्रद्धालुओं ने नदी के जल में खड़े होकर पितरों को जल अर्पित कर उनकी आत्मशांति एवं मोक्ष की कामना की।



सुबह से ही गौरैया घाट पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। लोगों ने धार्मिक परंपरा के अनुसार तर्पण, पिंड अर्पण सहित अन्य कर्मकांड किए। इस दौरान घाट पर धार्मिक माहौल बना रहा। लगातार घट रहा नदी का पानी तर्पण के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने गौरैया नदी में लगातार कम होते जलस्तर को लेकर चिंता जताई। उनका कहना था कि पिछले कुछ दिनों से नदी का पानी तेजी से कम हो रहा है। वर्तमान में भी घाट के आसपास पानी काफी कम रह गया है। श्रद्धालुओं ने आशंका जताई कि यदि जलस्तर इसी तरह घटता रहा तो आगामी तीन चार दिनों में घाट पर पानी समाप्त हो सकता है। श्रद्धालुओं का कहना था कि गौरैया नदी नगर की धार्मिक आस्था से जुड़ी हुई है। पितृपक्ष के दौरान बड़ी संख्या में लोग यहां अपने पूर्वजों का तर्पण करने पहुंचते हैं। ऐसे में नदी में पर्याप्त जल रहना जरूरी है। लगातार घटते जलस्तर को लेकर लोगों ने नदी के संरक्षण और जलस्रोतों को बचाने की आवश्यकता बताई। सती का की नगर परिषद यदि बोरी वधान कर दे तो पानी रोका जा सकता है इसलिए नगर परिषद इस ओर ध्यान दें।

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में 7 अक्टूबर को दो चीतों की होगी सॉफ्ट रिलीज

तेंदूखेड़ा। बुंदेलखंड की धरती पर चार दिन बाद एक बार फिर चीतों की रफ्तार देखने को मिलेगी। दमोह, सागर और नरसिंहपुर जिलों की सीमा में फैले वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (वीडीटीआर) में 7 अक्टूबर को दो चीतों को बसाने की प्रक्रिया शुरू होगी। चीता स्टीयरिंग कमेटी ने नौरादेही क्षेत्र में कुल चार चीतों को बसाने की मंजूरी दी है। प्रथम चरण में कूनो नेशनल पार्क से नर चीता थोलो और मादा चीता सीसीबी-3 को नौरादेही लाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 अक्टूबर को दोनों चीतों को सॉफ्ट रिलीज बाड़े में छोड़े जाने के कार्यक्रम में शामिल होंगे। चीतों के आगमन को लेकर टाइगर रिजर्व में मैदानी और प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मोहली रेंज में करीब 440 हेक्टेयर क्षेत्रफल का विशाल सॉफ्ट रिलीज बाड़ा (बोमा) तैयार किया गया है। इसका क्षेत्रफल भोपाल के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के करीब 445 हेक्टेयर क्षेत्र के लगभग बराबर है। चीतों की सुरक्षा और निगरानी के लिए पूरे क्षेत्र को सोलर इलेक्ट्रिक फेंसिंग, सीसीटीवी कैमरों और वॉच टावरों से सुरक्षित किया गया है। टाइगर रिजर्व में बाघ, तेंदुए और चीते अलग-अलग प्रकार के शिकार और आवास क्षेत्रों का उपयोग करते हैं। चीते मुख्य रूप से छोटे आकार के शाकाहारी वन्यजीवों का पीछा कर शिकार करते हैं, जबकि बाघ अपेक्षाकृत बड़े शिकार पर निर्भर रहते हैं। तेंदुआ भी अलग रणनीति से शिकार करता है। ऐसे में इनके बीच सीधे संघर्ष की संभावना को कम करने के लिए आवास और प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की जा रही है। नौरादेही में चीतों को बसाने की कवायद करीब 16 वर्षों से चल रही है। वर्ष 2010 में केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश को नौरादेही में चीता पुनर्स्थापना की दिशा में कार्य करने के लिए कहा था। बाद में कूनो नेशनल पार्क को चीता पुनर्स्थापना के लिए प्राथमिक क्षेत्र बनाया गया, लेकिन नौरादेही को संभावित चीता आवास के रूप में योजना में बनाए रखा गया। अब वर्षों बाद यह प्रक्रिया फिर गति पकड़ चुकी है और 7 अक्टूबर को बुंदेलखंड की धरती पर चीतों की नई शुरुआत होने जा रही है।

गांधी जयंती पर आम के पौधे रोपे

तेजगढ़ (दमोह)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला देवरी लीलाधर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में आम के पौधों का रोपण किया गया। साथ ही अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए मनोहर सिंह ने कहा कि देश को स्वतंत्र कराने में महात्मा गांधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने सत्य, अहिंसा और मानवता के मार्ग पर चलते हुए देशभर में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। गांधीजी ने अपने आदर्शों एवं विचारों के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि गांधीजी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना हम सभी का कर्तव्य है। गांधीजी ने जीवनभर देश और समाज की सेवा को अपना ध्येय बनाया। उनके नेतृत्व में चंपारण सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह एवं भारत छोड़ो आंदोलन जैसे महत्वपूर्ण आंदोलनों ने स्वतंत्रता संग्राम को व्यापक जनसमर्थन दिलाया। इस अवसर पर बहादुर सिंह, कल्पना लोधी, मालती ठाकुर, मनोज रैकवार एवं रूपाली जैन सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पौधों की देखभाल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।



पटेरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाई महात्मा गांधी की जयंती



पटेरा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर पटेरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कार्यक्रम आयोजित कर गांधी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में पटेरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नन्दे लाल चौरसिया ने महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गांधी जी के विचारों एवं उनके द्वारा बताए गए सत्य, अहिंसा और सद्भावना के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। इसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ नगर परिषद के निर्वाचित सभी पार्षद, जनप्रतिनिधि भरत ताम्रकार, सौरभ ताम्रकार, महेश जैन, कमलेश ताम्रकार, अतुल जैन, दिनेश, दिलीप सहित अन्य कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

महाराजा अग्रसेन जयंती की तैयारियां शुरू, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

अग्रवाल जन जागरण समाज कल्याण समिति ने किया आयोजन, कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने लिया भाग

दमोह। महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती के आयोजन की तैयारियां दमोह में धूमधाम से शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में अग्रवाल समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा अलग-अलग दिनों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।



कार्यक्रमों की शुरुआत अग्रवाल जन जागरण समाज कल्याण समिति द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित कर की गई। समिति के विकास अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणाम महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर घोषित किए जाएंगे। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विकास एजेंसी की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व समिति के संरक्षक कपिल अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन का पूजन-अर्चन किया। उपस्थित समाजजनों ने महाराजा अग्रसेन के जयकारे लगाए, जिसके बाद प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। प्रतियोगिता में पूर्णिमा अग्रवाल, साक्षी अग्रवाल, स्वस्ति अग्रवाल, अदिति अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल एवं आयुष अग्रवाल सहित अन्य विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान अग्रवाल जन जागरण समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष स्वप्नेश अग्रवाल, अग्रवाल तरुण मंच के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, रवि अग्रवाल, संकेत अग्रवाल, समृद्धि अग्रवाल, अभिलाषा अग्रवाल, रिद्धि अग्रवाल एवं सीता अग्रवाल उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में अगले दिन अग्रवाल धर्मशाला में महिला मिलन समिति द्वारा कलश सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

एकलव्य विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह कल

दमोह। एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह का प्रथम दीक्षांत समारोह कल 5 अक्टूबर 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में गरिमामय एवं भव्य वातावरण में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर इंदर सिंह परमार, उच्च शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश शासन, जयंत मलैया, पूर्व वित्त मंत्री, मध्यप्रदेश शासन एवं विधायक, दमोह, धर्मेंद्र सिंह लोधी, संस्कृति मंत्री, मध्यप्रदेश शासन, लखन पटेल, आनंद विभाग मंत्री, मध्यप्रदेश, राहुल सिंह लोधी, सांसद, दमोह, प्रोफेसर खेम सिंह डेहरिया, सभापति, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। विश्वविद्यालय के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर है, क्योंकि प्रथम दीक्षांत समारोह के माध्यम से शोधार्थियों, स्नातकोत्तर एवं स्नातक विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए विधिवत पदक एवं उपाधियां प्रदान की जाएंगी। दीक्षांत समारोह के प्रेस ब्रीफिंग में



विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ.सुधा मलैया द्वारा समारोह की रूपरेखा, तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों को विस्तृत रूप से दी गई। माननीय कुलाधिपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह केवल उपाधि प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि विद्यार्थियों द्वारा अर्जित ज्ञान, परिश्रम, अनुशासन एवं उपलब्धियों के सम्मान का अवसर भी है। समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों के पात्र विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के अनुरूप पदक एवं उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इस अवसर को कुलाधिपति ने बताया कि यह विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों को अपने ज्ञान एवं प्रतिभा का उपयोग समाज और राष्ट्र के विकास में करने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर कुलाधिपति ने बताया कि प्रथम दीक्षांत समारोह में दो अति विशिष्ट प्रतिभाओं को मानद उपाधि से अलंकृत किया जाएगा साथ ही चयनित विद्यार्थियों को विज्ञान में विजय कुमार मलैया सर्वश्रेष्ठ पदक, कला में जयंत कुमार मलैया सर्वश्रेष्ठ पदक, सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के आधार पर डॉ.सुधा मलैया बहुमुखी उत्कृष्टता पुरस्कार एवं कुलाधिपति स्वर्ण पदक भी प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही संकायवार अकादमिक उत्कृष्टता के आधार पर स्वर्ण एवं रजत पदक भी प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय की प्रति कुलाधिपति श्रीमती पूजा मलैया ने बताया कि समारोह को सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अतिथियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रति कुलाधिपति श्रीमती रति मलैया ने बताया कि एकलव्य विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय की शैक्षणिक यात्रा में एक नए अध्याय का शुभारंभ होगा। यह अवसर विश्वविद्यालय परिवार के साथ-साथ उन सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए भी विशेष महत्व रखता है, जिन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रति कुलाधिपति ने सभी संबंधित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से समारोह में निर्धारित समय पर उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनने की अपील की है।

गयाजी से लौट रहे दमोह के डॉ. गंगेले के पति एवं देवर की सड़क हादसे मौत

दमोह। रीवा कटनी नेशनल हाईवे पर शनिवार तड़के एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। चालक को नींद के झोके के चलते एक तेज रफ्तार इनोवा कार डिवाईडर से टकराकर दुर्घअनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना जबरजस्त था कि कार के अगले हिस्से के परख्खचे उड़ गए तथा दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ड्राइवर की हालत गंभीर बनी हुई है। मैहर पुलिस के अनुसार, पुलिस कंट्रोल रूम को सुबह करीब 4 बजे सूचना मिली कि एक इनोवा कार भीषण दुर्घटना का शिकार हो गई है। हादसे में मृत दोनों लोगों की पहचान दमोह निवासी प्रतिष्ठित प्रोफेसर डॉक्टर गंगेले परिवार के सदस्यों के तौर पर हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गया जी से तर्पण करके लौट रहे डॉ. संजय गंगेले एवं उनके भाई प्राचार्य सुधीर गंगेले की कार क्रमांक एमपी 20 बीए 5139 को मैहर के पास पोड़ी में सुबह 03 डिवाइरडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।। हादसे के समय कार सवार गहरी नींद में होने से बचाव की कोशिश भी नहीं कर सके। चालक को नींद के झोके के चलते इस हादसे की संभावना जताइर जा रही है। डिवाइरडर से टक्कर इतनी जबरदस्त थी की डॉक्टर संजय गंगेले और उनके भाई प्राचार्य सुधीर गंगेले गाड़ी में ही फस कर रह गए। बाद में उनको जैसे तैसे गाड़ी से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी जांच के बाद डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इधर कार चालक राजा रैकवार की हालत भी गंभीर बनी हुई है। डॉ संजय गंगेले की धर्मपत्नी डॉक्टर श्रद्धा गंगेले भोपाल गई हुई थी। हादसे की एक संभावना कार चालक को नींद के झोके में गाड़ी के अनियंत्रित हो जाना भी बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटवी फुटेज के जरिए हादसे की बजह तलाशने में जुटी हुई है। दोनो मृतकों के शव पीएम के बाद दमोह रवाना करने की जानकारी भी सामने आ रही है। इस दुखद हादसे की सूचना दमोह पहुंचते गंगेले परिवार के साथ उनके परिचित और पड़ोसियों के बीच शोक की लहर दौड़ गई। वहीं शहर वासी भी इस घटना से स्तब्ध है। फिलहाल पूरे घटनाक्रम को ले विस्तृत विवरण का इंतजार किया जा रहा है।

शैक्षिक गुणवत्ता, संस्कारमय शिक्षा की कार्ययोजनाओं पर हुआ मंथन



दमोह। सरस्वती शिशु मंदिर शिवाजीपुरम खड़ेरी में 3 एवं 4 अक्टूबर 2026 को जिला प्राचार्य, प्रधानाचार्य एवं संकुल प्रमुखों की दो दिवसीय जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 12 नगरीय, एक वनांचल एवं छह संकुल प्रमुखों के साथ समिति सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में विद्यालयों के शैक्षिक, संगठनात्मक एवं प्रशासनिक विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उद्घाटन सत्र में विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने, संस्कारमय शिक्षा को प्रभावी बनाने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, संगठनात्मक गतिविधियों तथा आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई।इस दौरान उपस्थित प्राचार्य, प्रधानाचार्य एवं संकुल प्रमुखों ने अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए। विद्यालयों की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए विभिन्न विषयों पर मंथन किया गया।बैठक का उद्देश्य विद्यालयीन कार्यों में एकरूपता, गुणवत्ता एवं संगठनात्मक समन्वय को बढ़ावा देना तथा आगामी शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना रहा। दो दिवसीय बैठक में प्राप्त सुझावों एवं विचारों के आधार पर विद्यालयों के शैक्षिक एवं संगठनात्मक विकास को गति देने पर जोर दिया गया।